# धड़ल्ले से जारी खनिज संपदा का अवैध दोहन

- दबंगों के संरक्षण में चल रहा खनिज संपदा का दोहन
- संबंधित विभाग की उदासीनता से जारी अवैध खनन का खेल



नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 जुलाई. शाहगंज के समीप स्थित ग्राम पनारी में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है. क्षेत्र से सामने आई तस्वीरों में भारी भरकम जेसीबी मशीनों द्वारा खुदाई कर डंपरों में खनिज सामग्री भरते हुए देखा जा सकता है. ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कारोबार दिन-रात बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले लगातार बुलंद हैं.**

ग्रामीणों के अनुसार पनारी क्षेत्र प्राकृतिक खनिज संपदा से समृद्ध है. यहां से खनिज सामग्री का बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है. उनका कहना है कि बिना किसी डर के भारी मशीनों और डंपरों का उपयोग इस बात की ओर इशारा करता है कि अवैध कारोबार करने वालों को किसी न किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है. ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई.

स्थानीय लोगों का कहना है कि अनियंत्रित खुदाई से क्षेत्र का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है. गहरी खाइयां बनने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं बारिश के दौरान जलभराव और मिट्टी के कटाव की समस्या भी गंभीर हो सकती है. इसके अलावा भू-जल स्तर और आसपास की कृषि भूमि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है.

ग्रामीणों ने मांग की है कि पनारी क्षेत्र में संयुक्त राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की टीम भेजकर मौके की जांच कराई जाए. यदि उत्खनन नियमों के विपरीत पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उपयोग में लाई जा रही मशीनों और वाहनों को जब्त किया जाए.

### मातहतों को जांच के दिए निर्देश

जिले में समय-समय पर अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की जाती है. आपके द्वारा पनारी क्षेत्र की शिकायत किए जाने पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. अवैध खनन को रोकना हमारी जिम्मेदारी है.

**राजकुमार बराठे, जिला खनिज अधिकारी**

### पार्वती नदी की रेत पर भी माफिया की नजर

जिले की पार्वती नदी एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन को लेकर चर्चा में है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में दिनदहाड़े नदी से मशीनों और वाहनों के माध्यम से कथित रूप से अवैध रेत उत्खनन होता दिखाई दे रहा है. वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली और खनिज विभाग की निगरानी पर सवाल खड़े हो गए हैं. लोगों का आरोप है कि रेत माफिया बिना किसी भय के खुलेआम नदी से रेत निकाल रहे हैं. वायरल वीडियो ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि यदि दिन के उजाले में इस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही थीं, तो संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी। वहीं यदि जानकारी थी, तो अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मामले में जिला खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी.

## माता मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**आष्टा.** पार्वती थाना पुलिस ने अलीपुर माता मंदिर की दान पेटी तोड़कर नकदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की राशि बरामद कर ली है. आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया. जानकारी के अनुसार थाना पार्वती क्षेत्र के अलीपुर स्थित माता मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी राज उर्फ राजू बारेला पिता नानसिंह निवासी बसनपुर भैरुंदा को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी ने मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार कर लिया आरोपी से चोरी की गई लगभग 4 हजार रुपए की नकदी बरामद कर जब्त की गई.

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल से हुई गिरफ्तारी, हैदरगढ़ पुलिस की कार्रवाई**

**कई महीनों से फरार चल रहे आरोपी को भेजा गया जेल**



नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़ 22 जुलाई, थाना हैदरगढ़ पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया. आरोपी लंबे समय से मोबाइल बंद कर फरार चल रहा था, जिसे तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों की मदद से प्रदेश की राजधानी भोपाल से गिरफ्तार किया गया.**

पुलिस के अनुसार ग्राम विजयपुर निवासी भारत सिंह गुर्जर ने थाना हैदरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई थी कि संजय मालवीय निवासी पठारी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे रुपए लेकर ठगी की. शिकायत की जांच के बाद थाना हैदरगढ़ में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं 316(2) के तहत अपराध क्रमांक 19/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, लेकिन घटना के बाद से आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया था. उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए गए. तकनीकी विश्लेषण और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लोकेशन का पता लगाया गया.आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी हैदरगढ़ उपनिरीक्षक रघुराज सिंह रघुवंशी तथा थाना प्रभारी पठारी उपनिरीक्षक ऋतुराज बिन्झारे के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया. टीमों ने लगातार प्रयास करते हुए भोपाल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया

### इनकी रही प्रमुख भूमिका

पुलिस ने विवेचना के दौरान ठगी और धोखाधड़ी से संबंधित अन्य सुसंगत धाराएं भी प्रकरण में जोड़ीं. आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल विदिशा भेज दिया गया .कार्रवाई में प्रमुख भूमिका थाना प्रभारी रघुराज सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी ऋतुराज बिन्झारे, उपनिरीक्षक गौरव रघुवंशी (सायबर सेल), सहायक उपनिरीक्षक घनश्याम शास्ता, प्रधान आरक्षक शंभू प्रसाद वर्मा, प्रधान आरक्षक प्रमोद शर्मा, आरक्षक चन्द्रहास मालवीय, गिरजेन्द्र, रूपेश मेहता (सायबर सेल) तथा रूपेश कुर्मी सहित पुलिस टीम की रही.



## प्रतिनिधित्व को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 22 जुलाई.अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन, के तत्वावधान में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में पार्टी संगठन एवं विभिन्न दायित्वों में नामदेव समाज की सहभागिता और उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई. ज्ञापन के माध्यम से नगर निकाय चुनाव, भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों, युवा मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित संगठन के पदों पर नामदेव समाज को उचित स्थान दिए जाने की मांग रखी. इस दौरान राहुल नामदेव, रामेश्वर नामदेव, इंजी. राजकुमार नामदेव, हेमंत नामदेव, हरिनारायण नामदेव, बिहारी नामदेव, मन्नूलाल नामदेव, रिंकू नामदेव, संतोष नामदेव, विशंभर नामदेव, अजीत नामदेव, शुभम नामदेव, एड. राजेंद्र नामदेव, मनुज नामदेव मौजूद थे.

# खराब ट्रांसफार्मर समय सीमा में बदलें

नवभारत न्यूज

**सागर 22 जुलाई. मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता कार्यालय में सागर संभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

इस दौरान मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली एवं बिजली बिलो की वसूली में तेजी लाए और बडे बकायादारो के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे साथ ही बिजली चोरी पर रोक लगाने, लाईन लॉस को कम करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध कनेक्शनो पर कानूनी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें.

मुख्य अभियंता श्री कुमार ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर जलने या खराब होने पर उन्हें तय समय -सीमा के भीतर बदले उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शीघ्र निवारण करना सुनिश्चित करे एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र- अतिशीघ्र निराकरण करे ताकि उन्हे परेशानी न हो.



कुमार ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के मौसम की स्थिति को देखते हुए सब स्टेशन का उचित रखरखाव करे साथ ही लाइनों के मेंटेनेंस पर ध्यान देवे तथा मैदानी अमले की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखें. समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता सुभाष नागेश्वर, सागर वृत्त की अधीक्षण अभियंता श्रीमती चंद्ररेखा प्रभाकर, कार्यपालन अभियंता प्रदीप साहू, उपसंभाग के सहायक अभियंताद्वय विकास मिश्रा, निखिल गुप्ता एवं वितरण केन्द्र प्रभारी सहायक अभियंता आर.के. अरजरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## बारिश की बेरुखी से गुना जिला परेशान

**गुना। बारिश की बेरुखी ने गुना जिले को परेशान कर रखा है। मानसून की आमद दर्ज हुए लगभग एक महीने का समय बीतने के बावजूद गुना जिला झमाझम बारिश के लिए तरस रहा है। खासतौर पर बीते साल की तुलना में बारिश के आंकड़े चिंताजनक नजर आ रहे हैं।**

दरअसल, बारिश का हिसाब-किताब रखने वाले भू-संसाधन प्रबंधन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो 22 जुलाई तक गुना जिले में सिर्फ 367 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज हो चुकी है। जबकि बीते साल 2025 में 22 जुलाई की स्थिति बिल्कुल अलग नजर आ रही थी। आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्षाकाल यानी 2025 में 22 जुलाई 603 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी थी। दोनों साल का तुलनात्मक विश्लेषण करने पर पता चलता है कि साल 2025 बारिश के लिहाज से सुहावना नजर आ रहा था। लेकिन इस बार मानसून ने गुना जिले को ऐसा तरसा दिया है कि जुलाई का महीना बीतने वाला है और अभी तक झमाझम बारिश का इंतजार है। खासकर गुना, बमोरी, आरोन और राघौगढ़ ब्लॉक में स्थिति चिंताजनक है। जबकि कुंभराज, मधुसूदनगढ़ और चांचौड़ा में आंकड़े थोड़े संतोषजनक नजर आते हैं। विभाग के मुताबिक 22 जुलाई तक गुना में 163 मिलीमीटर, बमोरी में 182, आरोन में 241, राघौगढ़ में 274, चांचौड़ा ब्लॉक में 504 मिलीमी. बारिश दर्ज हुई

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

### राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में पीएम के खिलाफ नारेबाजी



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। गांधी चौराहे पर मंगलवार रात करीब 8.30 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। दिल्ली में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

कांग्रेस नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा और ब्लॉक अध्यक्ष अनीस अहमद ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या और युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।

जिला महासचिव संजय नायक ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी को गलत ठहराते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पुलिस के बल पर जनता और विपक्ष का आंदोलन कुचलने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

**छपते-छपते**

# 16 साल बाद ललित मोदी की घर वापसी!

## ईडी केस में राहत मिलते ही भारत लौटने का किया ऐलान



**नई दिल्ली. इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चेयरमैन ललित मोदी को 2009 आईपीएल-साउथ अफ्रीका फेमा मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है. अपीलीय ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकांश निष्कर्षों और लगाए गए जुर्मानों को रद्द कर दिया है.**

फैसले के बाद ललित मोदी ने कहा कि 16 साल से जिस सच की बात वह लगातार करते रहे, अब उस पर अदालत की मुहर लग गई है. फैसले के बाद ललित मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा- मैं इस फैसले से बेहद खुश हूं. कल का दिन मेरे लिए शानदार रहा. पिछले 16 साल से मैं यह लड़ाई लड़ रहा था. मीडिया और सभी लोगों से मैं जो कुछ कहता रहा, आखिरकार वही सच साबित हुआ. मुझे खुशी है कि ट्रिब्यूनल ने मेरे पक्ष में फैसला सुनाया. उन्होंने कहा कि उनका मकसद हमेशा आईपीएल का हित रहा. मेरी चिंता सिर्फ आईपीएल की भलाई को लेकर थी. मेरे लिए इससे बढ़कर कुछ नहीं था. अब वह अध्याय खत्म हो चुका है और मैं अपनी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहता हूं. भारत वापसी पर ललित मोदी ने कहा कि अब वह देश लौटने की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने बताया- मैं इस साल के आखिर तक या फिर अगले साल की शुरुआत में भारत लौटने की प्लानिंग कर रहा हूं. अक्टूबर में मेरी बेटी मां बनने वाली है और मैं नाना बनने वाला हूं. उम्मीद है कि सब कुछ ठीक रहेगा और उसके बाद मैं भारत वापस आऊंगा.

## 'हॉर्मुज में जहाज पर हुआ हमला तो उड़ा देंगे पुल-पावर प्लांट'

**नई दिल्ली.** ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी से जारी तनाव फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक तरफ चर्चा भी जारी है, तो दूसरी तरफ हमले भी जारी हैं. अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ी धमकी दी है. अपने हाल ही के सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने ईरान में पुलों और पावर प्लांट पर बमबारी करने की धमकी दी है. यह धमकी उन्होंने दूसरी बार दी है.

**ट्रंप ने ईरान को दी सीधी धमकी**

उन्होने ईरान को दी इस नई धमकी में कहा, अब से, जब भी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में किसी भी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य उपकरण या हथियार से हमला करेगा, तो अमेरिका एक पुल या पावर प्लांट पर बमबारी करके उसे नष्ट कर देगा. इसमें राजधानी तेहरान के पास या शहर के अंदर मौजूद पुल या पावर प्लांट भी शामिल होंगे. इससे पहले ईरान सरकारी मीडिया के मुताबिक, अमेरिका ने हॉर्मुज में लराक द्वीप पर हमला किया है. तस्नीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट की मानें तो स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:48 बजे मिसाइल हमले के कारण द्वीप पर जोरदा धमाकों की आवाज सुनी गई.

## एक दिवसीय रैंकिंग में भारतीयों बल्लेबाजों का दबदबा

**नई दिल्ली.** इंग्लैंड के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज के बाद जारी ताजा आसीसी वन-डे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा कायम है. कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा ने दुनिया के टॉप-5 बल्लेबाजों में अपनी जगह बनाए रखी है. वहीं, गिल अब नंबर-1 की कुर्सी हासिल करने से सिर्फ एक रेटिंग अंक दूर रह गए हैं. इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 188 रन बनाने वाले गिल के खाते में अब 801 रेटिंग अंक हैं और वह शीर्ष पर मौजूद न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (802 अंक) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं. वहीं, विराट कोहली 767 अंकों के साथ तीसरे और रोहित शर्मा 758 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं भारत के नए टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर को भी वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है. वह दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं. गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव को नुकसान हुआ है. वह टॉप-10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गए हैं. गेंदबाजों की सूची में अफगानिस्तान के राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं.

**गिल नंबर-1 की कुर्सी से 1 रेटिंग अंक दूर**

## छात्रों पर लाठीचार्ज से आहत अन्ना हजारे करेंगे आंदोलन

**नई दिल्ली.** नीट पेपर लीक को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर छात्र और विपक्ष अड़ा हुआ है. दिल्ली में 20 जुलाई को कॉकरोज जनता पार्टी के संसद चलो मार्च के दौरान हुए लाठीचार्ज को लेकर अन्ना हजारे ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है. दिल्ली में छात्रों के आंदोलन को देखते हुए वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे कल सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अहिल्यानगर के वाडिया पार्क स्थित गांधी स्मारक पर मौन आंदोलन करेंगे.

**2004-2014**

## कांग्रेस शासन के दौरान चर्चित पेपर लीक मामले

| | |
|---|---|
| 2004 | सीबीएसई-पीएमटी प्रश्नपत्र लीक |
| 2006 | रेलवे भर्ती सेल परीक्षा पेपर लीक |
| 2006 | सीबीएसई कक्षा 12 बिजनेस स्टडीज़ प्रश्नपत्र लीक |
| 2011 | राजस्थान लोक सेवा आयोग परीक्षा पेपर लीक |
| 2012 | राजस्थान विश्वविद्यालय परीक्षा प्रश्नपत्र लीक |
| 2012 | एम्स प्रवेश परीक्षा पेपर लीक |
| 2012 | राजस्थान लोक सेवा आयोग परीक्षा पेपर लीक |
| 2013 | प्रमुख भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक मामला |
| 2014 | मणिपुर कक्षा 12 भौतिक विज्ञान प्रश्नपत्र लीक |
| 2014 | कर्नाटक पीयूसी परीक्षा पेपर लीक |
| 2016 | प्रमुख प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक मामला |

### बिसराही हाई स्कूल में 101 पौधों का रोपण

नवभारत न्यूज

**पठारी.** कुरवाई विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल बिसराही में %एक पेड़ मां के नाम 3.0% अभियान के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यालय परिसर में 101 पौधे रोपकर क्षेत्र, ब्लॉक और जिले के शासकीय विद्यालयों में नया कीर्तिमान स्थापित किया गया. पथरीली जमीन होने के बावजूद शिक्षकों ने बाहर से काली मिट्टी मंगवाकर कदम, गुलमोहर सहित छायादार और फलदार पौधे लगाए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया.

# सड़क पर टूटी पड़ी फेंसिंग, हादसों को दे रही आमंत्रण

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 22 जुलाई, का. जिला मुख्यालय के बायपास मार्ग पर नाका नंबर-3 से खिलचीपुर नाका तक डिवाइडर के बीच लगाई गई लोहे की फेंसिंग बदहाल हो चुकी है.**

कई स्थानों पर फेंसिंग उखड़कर सड़क पर फैल गई है, जबकि लोहे के एंगल बाहर निकल आए हैं. इससे न केवल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है, बल्कि डिवाइडर में लगाए गए पौधे भी मवेशियों की पहुंच में आ गए हैं और लगातार नुकसान झेल रहे हैं.दरअसल सड़क निर्माण के बाद फेंसिंग निर्माण के समय गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया. कई बार नागरिकों की मांग और जनप्रतिनिधियों के दबाव में संबंधित ठेकेदार ने बिना उचित ड्रॉइंग-डिजाइन और मानकों का पालन किए केवल लोहे के एंगल पर तार बांधकर फेंसिंग तैयार कर दी गई थी. इसका परिणाम यह है कि कुछ ही वर्षों में फेंसिंग जगह-जगह से टूटकर बिखरने लगी है.



मौजूदा स्थिति में कई स्थानों पर टूटी हुई जाली सड़क पर फैली हुई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फंसने या संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है. यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है.बॉक्स हादसों को खुला आमंत्रणनगर के मध्य से गुजरने वाला बायपास रोड निर्माण के समय से ही संकरा है. इस मार्ग पर न तो सर्विस रोड की सुविधा है और न ही पर्याप्त शोल्डर उपलब्ध हैं. ऐसे में वाहन डिवाइडर के बेहद नजदीक से गुजरते हैं.

**कथा** | **कथाव्यास बोले- कलियुग में श्रीजगन्नाथ पुरी साक्षात मोक्षदायिनी भूमि, संतों का एक उपदेश बदल सकता है पूरा जीवन**

# जगन्नाथ पुरी पहुंचने से पहले मन को पुरुषोत्तम बनाइए, तभी सफल होगी तीर्थयात्रा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. कलियुग में यदि कोई साक्षात मोक्षदायिनी भूमि है तो वह भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी है, जहां पहुंचकर केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा का भी शुद्धिकरण होता है. तीर्थयात्रा तभी सफल होती है, जब श्रद्धालु बाहरी यात्रा के साथ अपने भीतर भी परिवर्तन लेकर आए. यह विचार श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के पंचम दिवस पर नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने व्यक्त किए.**

स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कथा के दौरान महंत श्री ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी कलियुग का साक्षात तीर्थ है. शास्त्रों में पुरुषोत्तम क्षेत्र की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है और इसे समस्त तीर्थों का मुकुटमणि कहा गया है. भगवान श्रीजगन्नाथ के कारण ही इस पावन धाम को पुरुषोत्तम क्षेत्र कहा जाता है, जिसका उल्लेख स्कंद पुराण में भी मिलता है.



उन्होंने कहा कि आज अनेक लोग तीर्थों पर होटल, भोजन और घूमने की योजनाएं पहले बनाते हैं, जबकि शास्त्रों के अनुसार तीर्थ पहुंचते ही सबसे पहले पवित्र स्नान, संकल्प, जप, हवन, दान और उसके बाद देवदर्शन करना चाहिए. तीर्थ का उद्देश्य मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मपरिष्कार है. उन्होंने रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वयं भगवान श्रीराम ने भी पहले पवित्र स्नान कर स्वयं को शुद्ध किया और उसके बाद ऋषियों तथा देवस्थलों के दर्शन किए.महंत श्री ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ की पुरी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि समर्पण, सेवा, समानता और सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है. यहां आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अपने अहंकार, पाप और विकारों का त्याग कर नए जीवन का संकल्प लेकर लौटता है.

### सत्संग से बदलता है जीवन

कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य का पतन कुसंगति से और उत्थान सत्संग से होता है. जिस प्रकार विष की एक बूंद पूरे पात्र को दूषित कर देती है, उसी प्रकार कुसंग जीवन को बर्बाद कर देता है. वहीं संतों का संग मनुष्य को भक्ति, सेवा और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करता है. उन्होंने कुरुक्षेत्र के एक ब्राह्मण और क्षत्रिय मित्र का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक वैष्णव संत के सत्संग से दोनों के जीवन की दिशा बदल गई. संतों की वाणी केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने वाली दिव्य शक्ति होती है.उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि तीर्थयात्रा केवल पैरों से नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और शुद्ध मन से करें.